अमर उजाला

शांतिभंग के आरोप में तीन गिरफ्तार, 84 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी के निर्देश पर जिले भर में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला पुलिस की ओर से गुरुवार रात चलाए गए अभियान के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर पुलिस ने संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया।

वहीं पुलिस की ओर से शुक्रवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 84 वाहनों का चालान कर 20200 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। ब्यूरो

अपहृत किशोरी मिली आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी छह अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। इस मामले में किशोरी के पिता ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के विरुद्ध किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। किशोरी को शुक्रवार को इकौना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सीताद्वार गेट के पास से खोज निकाला। इस दौरान पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे पुलिस अपने साथ थाने ले गई।

कोई मतदान से रोके तो पुलिस से करें शिकायत

अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत गिलौला थाना परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यशाला

अमर उजाला ब्यूरो

श्रावस्ती। लोकसभा चुनाव में इस बार एक भी मतदाता वोट डालने के अधिकार से वंचित न रहे। सभी निर्भीक होकर बिना लोभ लालच के 12 मई को अपने पोलिंग बूथ पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें। यदि कोई मतदाताओं को वोट डालने से रोकता है, डराता व धमकाता है, प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। आप सभी मतदाता वोट डाल कर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं, बाकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। यह बातें शुक्रवार को अमर उजाला की मुहिम अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत गिलौला थाना परिसर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यशाला में पुलिस कर्मियों ने कही।

अधिकारियों ने कहा कि महिला, पुरुष, युवा व बुजुर्ग मतदान करके अपना कर्तव्य निभाएं। अबकी लोकसभा चुनाव में एक भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहे। इसके लिए हम स्वयं भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लेते हैं। साथ ही यह संकल्प लेते हैं कि प्रत्येक मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे।

अमर उजाला अपराजिता 100 MILLION SMILES

अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत गिलौला थाना परिसर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यशाला में मतदान की शपथ लेते पुलिस अधिकारी व अन्य।

यदि कोई व्यक्ति आपको अपने मताधिकार का प्रयोग करने से रोके अथवा अपने व अपने दल के पक्ष में मतदान का दबाव डाले तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। ऐसे लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। - **बिमलेंद्र कुमार**

चुनाव में देश का लाखों करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। इसके पीछे सरकार व चुनाव आयोग की मंशा है कि आपको एक अच्छा प्रणाली व मजबूत सरकार मिले। यह तभी संभव है जब आप 12 मई को बूथ पर जाकर मतदान करें। - **मुकेश शर्मा नायब तहसीलदार इकौना**

चुनाव एक पवित्र प्रक्रिया है। इसकी पवित्रता बनी रहे। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक मतदाता बिना लोभ बिना किसी दबाव के निष्पक्ष रूप से स्वविवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। - **रामआज्ञा यादव**

प्रजातंत्र में राजा चुनने का अधिकार संविधान ने जनता को सौंपा है। आज आपकी बारी है। यदि आप मतदान करने से वंचित रहे तो पूरे पांच वर्ष तक आपको पश्चाताप करना होगा। ऐसी स्थिति न हो इसके लिए 12 मई को मतदान जरूर करें। - **रामगोविंद**

जिस प्रकार नागरिकों को देश व सरकार से अपेक्षाएं हैं, ठीक उसी प्रकार देश को भी प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा रहती है कि वह लोकतंत्र के महापर्व में मतदान राष्ट्र निर्माण के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस लिए सभी बढ़ चढ़ कर मतदान करें। - **अरुण कुमार शुक्ला**

तमाम महिलाएं, बहु व बेटियां विभिन्न कारणों से पोलिंग बूथों पर नहीं जाती हैं। यह उनके मत देने के अधिकार का हनन है। महिलाएं देश की आधी आबादी हैं। इसलिए मत देने की जितनी जिम्मेदारी पुरुषों की है, उससे अधिक जिम्मेदारी महिलाओं की है। - **राजू सिंह**

आज हमें ही नहीं प्रत्येक मतदाता को यह संकल्प लेना होगा कि वह बारह मई को मताधिकार का प्रयोग करेगा। इसके साथ ही यह भी प्रयास करें कि उसके घर परिवार व गली मोहल्लों में कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहने पाए। - **साहिर अली**

राष्ट्र हित से बड़ा कोई निजी कार्य नहीं हो सकता है। इसलिए काम का बहाना छोड़ प्रत्येक मतदाता बारह मई को अपने पोलिंग बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही प्रत्येक मतदाता दूसरे लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। - **बीसी दुबे**, एसआई

चुनाव पांच वर्ष में एक बार आता है। यह समय राष्ट्र निर्माण का है। इसमें प्रत्येक मतदाता भागीदार बने। स्वयं तो पोलिंग बूथ जाकर मतदान करें ही, इसके साथ ही और लोगों को भी प्रेरित कर अपने साथ मतदान के लिए पोलिंग बूथ ले जाएं। - **हौसला प्रसाद**, सीओ जमुनहा

जितने अधिक [illegible] अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, उतना ही हमारा प्रतिनिधि व सरकार सशक्त होगी। राष्ट्र आपका है। इसमें सरकार व प्रतिनिधि भी आपकी पसंद का हो इसलिए सभी 12 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। - **विजय बहादुर सिंह**, प्रभारी निरीक्षक गिलौला

Scanned with CamScanner